जन सम्पर्क कार्यालय,
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर।
दिनांक : 24.01.2014

**प्रेस विज्ञप्ति**
**(सं. 2014/583)**

## राजकोट–दिल्ली सराय रोहिल्ला–राजकोट साप्ताहिक एक्सप्रेस
## (वाया सुरेन्द्रनगर, आबूरोड, अजमेर, जयपुर एवं गुडगांव)
## नई रेल सेवा का संचालन

रेलवे प्रशासन द्वारा रेल बजट 2013–14 में घोषित राजकोट–दिल्ली सराय रोहिल्ला–राजकोट साप्ताहिक एक्सप्रेस रेल सेवा का संचालन **राजकोट से दिनांक 27.01.14** से प्रारम्भ किया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री तरूण जैन के अनुसार राजकोट–दिल्ली सराय रोहिल्ला–राजकोट रेल सेवा का शुभारम्भ स्पेशल रेल सेवा के रूप में किया जा रहा है। गाडी संख्या 09579, राजकोट–दिल्ली सराय रोहिल्ला उद्घाटन स्पेशल रेल सेवा **दिनांक 27.01.14 सोमवार को** राजकोट से 13.00 बजे रवाना होकर मंगलवार को 13.20 बजे दिल्ली सराय रोहिल्ला पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09580, दिल्ली सराय रोहिल्ला–राजकोट स्पेशल एक्सप्रेस **दिनांक 28.01.14 मंगलवार को** दिल्ली सराय रोहिल्ला से 15.00 बजे रवाना होकर बुधवार को 11.00 बजे राजकोट पहुँचेगी। स्पेशल रेल सेवा के ठहराव एवं डिब्बों की संख्या नियमित रेल सेवा के ठहराव एवं डिब्बों की संख्या के अनुसार ही रहेगें।

*नियमित रेल सेवा की समय–सारिणी*

गाडी संख्या 19579, राजकोट–दिल्ली सराय रोहिल्ला साप्ताहिक एक्सप्रेस राजकोट से **दिनांक 30.01.14 से प्रत्येक गुरूवार** 12.50 बजे रवाना होकर शुक्रवार 03.50 बजे जयपुर एवं 06.15 बजे अलवर होते हुये शुक्रवार 10.15 बजे दिल्ली सराय रोहिल्ला पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 19580, दिल्ली सराय रोहिल्ला–राजकोट साप्ताहिक एक्सप्रेस दिल्ली

सराय रोहिल्ला से **दिनांक 31.01.14 से प्रत्येक शुक्रवार 13.10** बजे रवाना होकर 15.48 बजे अलवर एवं 18.35 बजे जयपुर होते हुये शनिवार 10.35 बजे राजकोट पहुॅचेगी।

यह गाडी दोनों दिशाओं में वांकानेर, सुरेन्द्रनगर, वीरमगांव, मेहसाना, पालनपुर, आबूरोड, सिरोही रोड, फालना, मारवाड, ब्यावर, अजमेर, किशनगढ, फुलेरा, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, दौसा, बांदीकुई, अलवर, खैरथल, रेवाडी, गुडगांव एवं दिल्ली छावनी स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

इस रेल सेवा में 01 सैकण्ड एसी, 02 थर्ड एसी, 06 द्वितीय शयनयान श्रेणी, 06 साधारण श्रेणी एवं 02 गार्ड डिब्बों सहित कुल 17 डिब्बें होगें।

**जन सम्पर्क अधिकारी**
**उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर**